महत्वपूर्ण एवं खास

नशा करने के लिए पैसे नहीं दी तो नुकीली चीज से किया हमला, घायल

रायपुर (आरएनएस)। शहर के जोरापारा रायपुरा में बीती रात करीब 10 बजे आरोपी अर्जुन धृतलहरे पिता जीतेन्द्र 19 वर्ष ने जोरापारा निवासी आकाश पाण्डे पिता संतोष 22 वर्ष से नशा करने के लिए पैसे मांगे। अर्जुन ने जब पैसे देने से इंकार कर दिए तो आरोपी ने नुकीली चीज से उस पर हमला कर घायल कर दिया। हमले में अर्जुन के कमर के पास चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 327 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लिखते और 04 पकड़ाए

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी पुलिस लगातार आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में गुरूवार की रात में भी पुलिस ने अलग-अलग तीन स्थानों से 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से कुल लगभग 40 हजार रूपये एवं 05 नग मोबाईल फोन गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सत्ती मंदिर चौक सदरबाजार से विजय पिता केसी बाफना 31 वर्ष एवं पवन साखरे पिता भागवत सिंह 43 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके पास से नगदी 11600 रूपये, 02 नग मोबाईल फोन जब्त किया है। इसी प्रकार गंज थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन गेट नं.1 के पास राहुल भट्ट पिता उत्तम 25 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके पास से नगदी 15700 रूपये व 01 नग मोबाईल फोन जब्त किया है, वहीं दीनदयाल उपाध्याय नगर थाना पुलिस ने कुशालपुर चौक के पास सचिन कुमार पिता हरिश 19 वर्ष से नगदी 11300 रूपये व 02 नग मोबाईल फोन जब्त किया है। इस तरह पुलिस ने कुल 04 आरोपियों को आईपीएल क्रिकेट पर सट्टा लिखते हुए गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट 4 क के तहत कार्रवाई की गई।

वन कर्मचारी संघ ने पदोन्नति नियम में संशोधन के लिए सौंपा ज्ञापन

जगदलपुर (आरएनएस)। वन विभाग में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों ने विभाग के पदोन्नति नियम में संशोधन की मांग की है। छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लच्छूराम कश्यप ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि पदोन्नति नियम 2003 में निहित प्रावधान अनुसार चतुर्थ वर्ग से तृतीय श्रेणी सहायक ग्रेड -3 में पदोन्नति के लिए शासकीय सेवक की शैक्षणिक योग्यता की अर्हता पूर्ण किया जाना होता है। चतुर्थ वर्ग शासकीय सेवक यदि वनरक्षक के पद अनुरूप शैक्षणिक योग्यता एवं शारीरिक योग्यता की अर्हता पूर्ण करता है, उन्हें वनरक्षक के पद पर पदोन्नति दिए जाने पदोन्नति नियम के प्रावधान में संशोधन किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा है कि सहायक ग्रेड -3 एवं वनरक्षक का वेतनमान समान है, ऐसे में शासन को कोई वित्तीय भार नहीं आएगा। उन्होने बताया कि संसदीय सचिव एवं विधायक रेखचंद जैन को भी ज्ञापन सौंपा गया है।

राज्यपाल उइके ने केन्द्रीय रेलमंत्री से की सौजन्य मुलाकात

रायपुर (आरएनएस)। रेल कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं के विस्तार के संबंध में की चर्चाराज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने गत दिवस नई दिल्ली के संसद भवन में केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान सु उइके ने रेलमंत्री वैष्णव से छत्तीसगढ़ राज्य को उपलब्ध रेल सुविधाओं और यात्री सुविधाओं तथा छिंदवाड़ा से रायपुर रेल कनेक्टिविटी की मांग पर चर्चा की। इसके अलावा सुश्री उइके ने छिंदवाड़ा, सिवनी, नैनपुर, मण्डला और गोंदिया के रेलमार्ग परियोजना की कार्य प्रगति और रेल सुविधाओं के विस्तार पर भी वैष्णव से चर्चा की। इस अवसर पर सु उइके ने केन्द्रीय रेलमंत्री वैष्णव का शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। साथ ही राज्यपाल की गतिविधियों पर आधारित पुस्तक नई सोच-नई पहल का द्वितीय भाग भी भेंट किया।

बारनवापारा अभ्यारण्य को मिला नया स्वरूप

- वन्यप्राणी रहवास उन्नयन कार्य : कैम्पा मद से 5920 हेक्टेयर रकबा में हुआ सघन लेन्टाना तथा यूपोटोरियम उन्मूलन का कार्य
- वन्यप्राणियों के रहवास तथा चारागाह के लिए अच्छी सुविधा विकसित
- राजधानी से 100 किमी की दूरी पर स्थित अभ्यारण्य में बहुतायत संख्या में हैं वन्यप्राणी

रायपुर (आरएनएस)। वन्यप्राणियों के रहवास तथा चारागाह के लिए अच्छी सुविधा विकसितछत्तीसगढ़ का सबसे उत्कृष्ट तथा आकर्षक अभ्यारण्य बारनवापारा का नया स्वरूप में कायाकल्प हुआ है। यह कायाकल्प वन्यप्राणी रहवास उन्नयन कार्य के अंतर्गत कैम्पा (छत्तीसगढ़ प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन और योजना प्राधिकरण) के वार्षिक कार्ययोजना 2021-22 में स्वीकृत राशि से किया गया है। इसके तहत 5 हजार 920 हेक्टेयर रकबा में सघन लेन्टाना उन्मूलन तथा यूपोटोरियम उन्मूलन का कार्य हुआ है। जिसमें से बारनवापारा अभ्यारण्य के 19 कक्षों में कुल 950 हेक्टेयर रकबा में लेन्टाना उन्मूलन का कार्य और 32 कक्षों में कुल 4 हजार 970 हेक्टेयर रकबा में यूपोटोरियम उन्मूलन का कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में अभ्यारण्य को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं।

वन्यप्राणियों के रहवास तथा चारागाह के लिए अच्छी सुविधा विकसित

राजधानी रायपुर से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर बलौदाबाजार वनमंडल अंतर्गत स्थित बारनवापारा अभ्यारण्य में हुए वन्यप्राणी रहवास उन्नयन कार्य से वहां मृदा में नमी होने के कारण घास प्रजाति शीघ्रता से बढने लगी हैं। साथ ही इससे अभ्यारण्य में वन्यप्राणियों को अब घास चरने के लिए अच्छी सुविधा उपलब्ध हो गई है। जिससे वे लेन्टाना तथा यूपोटोरियम के उन्मूलन कार्य के बाद स्वच्छंद विचरण भी करने लगे हैं। इससे पर्यटकों को वन्यप्राणियों की सहजता से दृष्टता हुई है और वन्यप्राणी भी स्वस्थ व तन्दुरूस्त दिखाई देने लगे हैं। अभ्यारण्य में वन्यप्राणी रहवास उन्मूलन कार्य के उपरांत घास पुनुरोत्पादन में स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है।

बारनवापारा अभ्यारण्य को मिला नया स्वरूप- बारनवापारा अभ्यारण्य का कुल क्षेत्रफल 244.86 वर्ग किमी है जिसमें मुख्यत: मिश्रित वन, साल वन व पूर्व के सागौन वृक्षारोपण है। बारनवापारा में मुख्य रूप से कर्रा, भिर्रा, सेन्हा, मिश्रित वनों में पाये जाते हैं। सागौन वृक्षारोपण क्षेत्र में प्राकृतिक रूप से उगे सागौन है तथा साल वन क्षेत्र कम रकबे में है। उक्त छत्रक प्रजाति के अतिरिक्त शाकिय प्रजाति जैसे यूपोटोरियम, लेन्टाना, चरोठा आदि प्रमुख खरपतवार हैं, जिनके कारण बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में पाये जाने वाले शाकाहारी वन्यप्राणियों को घास आदि नहीं मिलती, वन्यप्राणियों को आवागमन में भी दिक्कत होती है तथा मॉसभक्षी प्राणियों से भी बचाव कठिन हो जाता है।

बारनवापारा अभ्यारण्य को मिला नया स्वरूप- प्रधान एवं मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) पी.व्ही. नरसिंगराव ने बताया कि इसे दृष्टिगत रखते हुए अभ्यारण्य में वन्यप्राणी रहवास उन्नयन कार्य के तहत सघन लेन्टाना एवं यूपोटोरियम के उन्मूलन का कार्य किया गया है, जिससे बारनवापारा अभ्यारण्य में अब वन्यप्राणियों को वर्षभर हरी खाद्य घास उनके भोजन व चारा के रूप में उपलब्ध हो सके। गौरतलब है कि बारनवापारा अभ्यारण्य में तेन्दुए, गौर, भालू, साम्भर, चीतल, नीलगाय, कोटरी, चौसिंघा, जंगली सुअर, जंगली कुत्ता, धारीदार लकड़बग्घा, लोमड़ी, भेडिय़ा एवं मूषक मृग जैसे वन्यप्राणी बहुतायत में मिलता है एवं आसानी से दिखते भी है।

मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की

- कमिश्नरों, कलेक्टरों और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की ली बैठक
- ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली लू तथा जल संकट से निपटने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश
- खरीदी केन्द्रों से शत-प्रतिशत् धान उठाव सुनिश्चित करें

रायपुर (आरएनएस)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के कमिश्नर, कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने गर्मी के मौसम में लगातार पेयजल की सुचारू आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति पर लगातार निगरानी बनाए रखने, पेयजल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई एवं शुद्धीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी क्षेत्रों में हैंडपंप, नलकूप, नल-जल एवं जल आवर्धन योजनाओं की लगातार निगरानी करते हुए आवश्यकतानुसार मरम्मत का कार्य तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी क्षेत्रों में टीमों का गठन कर उन्हें सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जाने के निर्देश ग्रामीण एवं पंचायत विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं। मुख्य सचिव ने नगरीय प्रशासन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने कहा है। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली लू तथा जल संकट से निपटने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले दिनों कमिश्नरों को तहसील स्तर पर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति के संबंध विजिट करने के निर्देश दिए गए थे। कमिश्नरों ने इस संबंध में अच्छा कार्य किया है। कमिश्नर लगातार तहसीलों में जाकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा कर रहे हैं। मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को समय-सीमा के बाह्य राजस्व प्रकरणों की शत-प्रतिशत कारण सहित पोर्टल में अंकित करने निर्देश दिए। इसी तरह से राजस्व अधिकारियों को कहा गया है कि राजस्व मद में प्राप्त भूमि के अभिलेखों की शुद्धि एवं उनके उपयोग के लिए एक कार्ययोजना तैयार करें। मुख्य सचिव ने ओबीसी गणना के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को और तेजी से काम करने के निर्देश दिए

माजदा और मोपेड में भिडंत, जलकर एक व्यक्ति की मौत

कोरबा। तेज रफ्तार माजदा और मोपेड के बीच आमने.सामने से जबरदस्त भिडंत के बाद गाड़ी में लगी भीषण आग में एक शख्स की जिंदा जलकर मौत हो गयी है। इस घटना की जानकारी के मिलते ही डॉयल 112 के जवान मौके पर पहुंच कर माजदा के नीचे फंसे शख्स को आग की लपटो के बीच से निकालने के लिए आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जा सका, तब तक माजदा की चपेट में आया मोपेड सवार ग्रामीण की जिंदा जलकर मौत हो चुकी थी। पूरा घटनाक्रम बांगो थाना के ग्राम परला के पास स्थित एन.एच.मार्ग का है। बताया जा रहा है कि गुरूवार की रात अंबिकापुर की ओर से माजदा मेटाडोर क्रमांक ष्टत्र 15 रुङ्क 1151 गाड़ी में महुंआ लोड कर कटघोरा की ओर जा रही थी। गाड़ी ग्राम परला के पास स्थित केंदई पुल के पास पहुंची ही थी, तभी सामने से मोपेड से माजदा का जबरदस्त भिड़ंत हो गया। आमने-सामने से हुए इस भिड़ंत के बाद मोपेड सवार ग्रामीण माजदा के नीचे जा फंसा और दोनों गाडिय़ों के बीच हुए जोरदार टक्कर के बाद एकाएक माजदा वाहन में आग लग गयी। आनन-फानन में आरक्षक रजत कुमार और चालक लालसिंग ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। दमकल की टीम को सूचना देने के बाद डायल 112 के जवान फायर एक्सटिंग्विशर से गाड़ी में लगी आग बुझाई।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

कोरबा। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ.देवेंद्र कश्यप के मुख्य आतिथ्य में एवं कोरबा जिला संयोजक डॉ.संजय वैष्णव की अध्यक्षता में पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में संपन्न हुआ। शिविर में रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान करने के साथ-साथ उनके लाइफ स्टाइल तथा डाइट के विषय में विशेष जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया जो की विश्व स्वाथ्य दिवस का उद्देश्य भी था। साथ ही ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, की जांच निशुल्क करने के साथ साथ दवाईयां भी निशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ.देवेंद्र कश्यप, कोरबा जिला संयोजक डॉ.संजय वैष्णव, जिला सहसंयोजक डॉ.लक्ष्मीनारायण जायसवाल, स्थाई आमंत्रित सदस्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा तथा डॉ.राजेश राठौर, जांजगीर-चांपा जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक सुरेश देवांगन, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजू सिंह , कोसाबाडी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा के अलावा डॉ.रामगोपाल साहु, प्रतिभा शर्मा, मुकेश देवांगन, नेत्रनंदन साहु, जितेंद्र सिंह कंवर, अश्विनी बुनकर, सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, रोशन कुंजल एवं हर्ष नारायण शर्मा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

ड्यूटी कर रहे कर्मियों को भयभीत कर चोरों ने किया सैकड़ों लीटर डीजल पार

- सीआईएसएफ ने आने में किया विलंब, मामले की जांच शुरू

कोरबा। एसईसीएल की खदानों में डीजल चोरों का हौसला लगातार बढ़ रहा है। पिछली रात 20 से अधिक चोरों ने रात्रि में ड्यूटी कर रहे एसईसीएल के कर्मियों को भयभीत करने के साथ सैकड़ों लीटर डीजल पार कर दिया। इस दौरान कर्मियों ने भागते-भागते सीआईएसएफ को फोन कर मौके पर पहुंचने को कहा लेकिन उसने इसे गंभीरता से नहीं लिया। प्रबंधन को इसकी सूचना दी गई है। कार्मिक विभाग को जांच करने के लिए कहा गया है।

जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के दीपका कोलमाइंस में देर रात्रि को यह घटना हुई। बताया गया कि केम्पर वाहन में सवार होकर चोर उचक्के यहां पहुंचे थे। पहले भी उनकी पहुंच खास अंदाज में रही है। इसलिए कर्मियों के भीतर भय बना हुआ है। जिस समय चोरों की दखल यहां हुई, रात्रिकालीन ड्यूटी के लिए खदान क्षेत्र में चार कर्मी मौजूद थे। चोरों की हरकतों को उन्होंने भांपने के साथ फौरन एक्शन लिया। चोर ज्यादा संख्या में थे इसलिए उनसे सीधे निपटपाना संभव नहीं था। इसलिए फौरी तौर पर सीआईएसफ को चोरों के आने और नियंत्रण करने के बारे में फोन पर अवगत कराया गया। दूसरी तरफ से कहा गया कि ठीक है, देखते हैं। लेकिन एक डेढ़ घंटे के बाद भी अर्धसैनिक बल की पहुंच मौके पर नहीं हुई। अगली बार फोन करने पर कंट्रोल रूम से संपर्क करने को कहा गया। इस पर कर्मचारियों ने दीपका के सुरक्षा प्रभारी उग्रसेन से बातचीत की। इसके बाद जब तक आगामी प्रयास किये जाते, खदान में खड़े तीन वाहन से काफी मात्रा में डीजल निकालकर चोर यहां से भाग निकले। घटनाक्रम को लेकर सुरक्षा विभाग ने उच्चाधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया।

जानकारो का कहना है पिछले कुछ दिनों से डीजल चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्वायत्तशासी निकाय स्तर की पालिटिक्स से संबंधित इस सफेदपोश को लेकर कई तरह की चर्चा आम है। कहा जा रहा है कि शुद्ध कमाई के काम में उसने रिस्क ली है ताकि बडे सपनों को पंख लगाया जा सके। रउग्रसेन सुरक्षा प्रभारी दीपका ने बताया कि रात में डीजल चोरों के खदान में आने की जानकारी मिली थी। कर्मचारियों से जो कुछ पता चला उस आधार पर हमने अधिकारियों को बताया है। इस मामले में तथ्यों का पता करने के लिए जांच हेतु पर्सनल मैनेजर दीपका को अधिकृत किया गया है। ।

बेदखल किए गये लोगों को पट्टा दे वरना आंदोलन: पूर्व गृहमंत्री

कोरबा। मुड़ापार के नर्सरी मोहल्ला हेलीपेड के पास पिछले 10-15 साल से झोपड़ी बना कर रहने वाले लोगों को बेदखल किए जाने का विरोध करते हुए पूर्व गृहमंत्री व विधायक ननकीराम कंवर ने आंदोलन का एलान कर दिया है। उनका कहना है कि संवेदनशीलता की दंभ भरने वाली राज्य सरकार प्रभावितों को तत्काल जमीन का पट्टा देते हुए व्यवस्थापन की व्यवस्था करें। कंवर ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि आठ दिन के अंदर इस दिशा में प्रशासन ने कदम नहीं उठाया तो मुख्यमंत्री आवास के सामने धरना पर बैठूंगा।

कंवर ने कलेक्टर को लिखे पत्र में कहा है कि हेलीपेड के पीछे मुड़ापार के लोगों को नगर निगम ने मकान का नंबर आबंटित करते हुए राशन कार्ड भी प्रदान किया है। पुलिस ने डंडे की जोर पर उनकी झुग्गी झोपडिय़ों में बुलडोजर चलवा दिया। महिला आरक्षकों ने प्रभावित महिलाओं के साथ दुव्र्यवहार करते हुए मारपीट की। इन गरीबों को बेजा कब्जा हटाने के लिए नोटिस भी नहीं दिया गया। अचानक 150 परिवारों को कडक़ड़ती धूप में मरने के लिए छोड़ दिया गया। नगर पालिक निगम चुनाव के दौरान भूमिहीन लोगों को पट्टा देने का वायदा किया गया था। लेकिन पट्टा देना तो दूर, ग्राम पंडरीपानी में पट्टे की भूमि में निर्मित मकान को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व तहसीलदार ने तोड़ दिया। कंवर का कहना है कि वे मौके पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किए, तब कहीं जाकर तोडफ़ोड़ की कार्रवाई बंद की गई। नर्सरी हेलीपेड से जितने भी लोगों को बेदखल किया गया है, उन्हें तत्काल पट्टा प्रदान किया जाए, अन्यथा पहले कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठूंगा और फिर रायपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास के सामन अनिश्चतकालीन भूख हड़ताल करूंगा।

टी.एल.प्रकरणों, जनशिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण समयसीमा में सुनिश्चित करें - आयुक्त

कोरबा। आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि टी.एल.प्रकरणों तथा जनशिकायतों से जुड़े मामलों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण निर्धारित समयसीमा के अंदर किया जाए तथा जनसेवाओं व नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यो का संपादन सर्व-प्राथमिकता के साथ हो। उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रकरणों के निराकरण के प्रति उदासीनता एवं लेट-लतीफी पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदारी तय की जा कर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर टी.एल.प्रकरणों, जनचौपाल, पृष्ठांकित महत्वपूर्ण प्रश्नों, पी.जी.एन. प्रकरणों, जनशिकायतों आदि के निराकरण व उन पर की गई कार्यवाही तथा लंबित प्रकरणों की बिन्दुवार, विभागवार समीक्षा की। आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कलेक्टर टी.एल., जनचौपाल, निगम की टी.एल., पृष्ठांकित महत्वपूर्ण प्रश्नों, पी.जी.एम.प्रकरणों, जनशिकायतों आदि से संबंधित प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में संतुष्टिपूर्ण

निराकरण कराया जाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें साथ ही यह भी अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि जनसेवाओं व नागरिक सुविधाओं से जुड़े निगम के कार्य सर्व-प्राथमिकता के साथ संपादित कराए जाएं ताकि आमजन को मूलभूत जरूरतों की पूर्ति सुगमता के साथ होती रहे, उन्हें अनावश्यक परेशानी न हों।

विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा- बैठक के दौरान आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने निगम द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होने जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, निगम मद,, सांसद मद, प्रभारी मंत्री मद, मुख्यमंत्री की घोषणा, सी.एस. आर.मद, विधायक, महापौर, पार्षद व एल्डरमेन मद, वित्त आयोग मद सहित अन्य विभिन्न मदों के तहत किए जाने वाले विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने भवन निर्माण अनुमति से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि जोनवार भवन निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं, वे अपने कार्य क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण कर भवनों के निर्माण का निरीक्षण करें तथा यह देखें कि भवन निर्माता द्वारा नियमानुसार अनुमति प्राप्त की गई है या नहीं। उन्होने कहा कि निर्माण कार्यो में वर्किंग प्रोग्रेश के बोर्ड एवं ग्रीननेट अनिवार्य रूप से लगवाएं, भवनों में रैनवाटर हार्वेटिंग सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU